आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 04.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की सराहना की। कहा– इससे आम आदमी, किसानों, एम.एस.एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ मिलेगा।
- विद्यालयी शिक्षा में पीजीआई रैंकिंग सुधार के लिए 12 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन।
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के वैज्ञानिकों ने जीवाणुरोधी प्लास्टिक बनाने में सफलता हासिल की।
- उत्तरकाशी जिले में पहली हर्बल चाय प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर– जीएसटी दरों में किए गए सुधारों की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसला से आम आदमी, किसानों, एम.एस. एम.ई., मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ये सुधार सभी के लिए खासकर छोटे व्यापारियों, व्यवसायों और व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे।

गौरतलब है कि जीएसटी परिषद ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की है। आम आदमी, श्रम–प्रधान उद्योगों, किसानों और कृषि, स्वास्थ्य तथा अर्थव्यवस्था के लिए जीएसटी दरों में सुधार करते हुए उन्हें युक्तिसंगत बनाने को स्वीकृति दी गई है। नई दिल्ली में कल मीडिया को जानकारी देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आम आदमी और मध्यम वर्ग के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी 18 तथा 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

जीएसटी स्वागत

प्रदेश में जीएसटी दरों में किए गए सुधारों का लोगों ने समर्थन किया है। चम्पावत जिले में लोगों ने इसे एक सराहनीय पहल बताया। जिले में जीएसटी के जानकार दीपक जोशी ने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व में चार दरें निर्धारित की गई थीं, जिससे लोगों पर ज्यादा भार पड़ रहा था, लेकिन अब इसमें दो दरें करने से आम जनता को काफी लाभ मिलेगा।

जीवन बीमा का कार्य करने वाले राजेन्द्र गहतोड़ी ने कहा कि जीवन बीमा में जीएसटी को पूरी तरह हटाया जाना ऐतिहासिक फैसला है।

चम्पावत जिला मुख्यालय के व्यापारी दीपक रॉय ने खाद्य पदार्थों में जीएसटी दरें कम करने के सरकार के फैसले को सराहनीय कदम बताया।

पीजीआई रैंकिंग

विद्यालयी शिक्षा में प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक– पीजीआई रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड को शीर्ष राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिये राज्य स्तर पर 12 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति रैंकिंग के लिये निर्धारित सूचकांकों में सुधार के लिये ठोस कार्य योजना तैयार करने के साथ ही उनका मूल्यांकन भी करेंगी। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि केन्द्र सरकार की ओर से प्रत्येक वर्ष पीजीआई रैंकिंग जारी की जाती है, जिससे प्रत्येक राज्य में संचालित विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन होता है। समीक्षा के दौरान पाया गया है कि विद्यालयी स्तर से यू–डायस पर भरे जाने वाले आंकड़ों में कई त्रुटियां रही हैं, जिस कारण राज्य को कई अंकों का नुकसान हुआ। इसमें सही आंकड़ो को दर्शाकर सुधार किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय राज्य स्तरीय कमेटी गठित कर वर्ष 2026–27 में प्रदेश को शीर्ष राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। यह समिति पीजीआई रैंकिंग में सुधार के लिये सुझाव देगी, ताकि इसे प्रदेशभर में लागू किया जा सके। समिति से प्राप्त सुझावों को मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी जिलों में लागू कराया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर पीजीआई रैंकिंग के लिये मुख्य रूप से छह डोमेन बनाये गये हैं, जिनके तहत 72 सूचकांक निर्धारित हैं। प्रत्येक सूचकांक के लिये अंक निर्धारित किये गये हैं।

जीवाणुरोधी प्लास्टिक

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के वैज्ञानिकों ने जीवाणुरोधी प्लास्टिक बनाने में सफलता हासिल की है। इसकी मदद से स्वास्थ्य और खाद्य उत्पादों सहित आम दिनचर्या में प्रयुक्त होने वाले प्लास्टिक के उपकरण अब जीवाणुरोधक बन सकेंगे। विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पंतनगर के रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. एम.जी.एच. जैदी ने बताया कि केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी के नैनो टेक्नोलॉजी टास्क फोर्स से स्वीकृत परियोजना के तहत इस पर काम शुरू किया गया था।

चाय प्रोसेसिंग यूनिट

उत्तरकाशी जिले के भटवाड़ी विकासखण्ड में ग्रामोत्थान रीप परियोजना के तहत कालेश्वर महादेव स्वायत्त सहकारिता, सीएलएफ, दिलसौड में मुख्य विकास अधिकारी एस.एल सेमवाल ने जिले की पहली हर्बल चाय प्रोसेसिंग इकाई का उद्घाटन किया गया। इस यूनिट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सीबकथोर्न, तुलसी, बुरांश, गुलाब और ग्रीन–टी से हर्बल चाय तैयार की जा रही है। हर्बल चाय को हिलांस हाउज़ ऑफ हिमालया ब्रान्ड के तहत बेचा जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह इकाई, ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को सुदृढ़ करेगी। उन्होंने महिलाओं के साथ बैठक भी की। ग्रामोत्थान रीप परियोजना के जिला प्रबन्धक ने सदस्यों को परियोजना के तहत संग्रहण केन्द्र, ग्रोथ सेन्टर और विभिन्न उद्यम गतिविधियों का लाभ लेने को कहा।

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग

उत्तरकाशी जिले में बारिश के चलते गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, धरासू बैंड के पास दरकने की स्थिति में पहुंच गया है। इसकी गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया और बीआरओ को सड़क मार्ग के सुरक्षा उपायों के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बीआरओ और पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इस स्थान पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाए और स्थानीय लोगों का आवागमन पूरी तरह से सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मॉनसूनकाल में भारी वर्षा के कारण यमुनोत्री और गंगोत्री हाईवे पर कई नए स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई है। भूस्खलन के चलते बार–बार अवरुद्ध हो रहे मार्ग को सुचारू करने में कार्यदायी विभाग जुटे हुए हैं।

अस्पताल सीज

हरिद्वार के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुंवर के नेतृत्व में गठित टीम ने रुड़की क्षेत्र में लंढौरा और भगवानपुर के 10 अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गंभीर कमियां पाए जाने पर दो एक्सरे केंद्र, एक अल्ट्रासाउंड सेंटर और दो अस्पतालों को सील किया गया। डॉ. रमेश कुंवर ने ये जानकारी देते हुए बताया कि अगर अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया जाता है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।